प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.02.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे

विधेयक अधिसूचना

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की मंजूरी के बाद सरकारी कर्मचारी की शर्तें विधेयक 2024 को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित इस विधेयक के प्रारुप पर आज से अमल होगा। इसके तहत हजारों अनुबंध कर्मचारियों को अब ज्वाइनिंग तिथि से वरिष्ठता के साथ वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार अनुबंध पर सेवाएं देने वाले कर्मचारियों की वरिष्ठता उनके नियमित होने के बाद तय होगी।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सिंगापुर और कम्बोडिया की यात्रा पर भेजना हिमाचल ही नहीं बल्कि पूरे भारत के परिपेक्ष में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की यात्रा कर लौटे 50 मेधावी विद्यार्थियों को इन देशों की ऐतिहासिक धरोहरों और संस्कृति को देखने का मौका मिला। शिक्षा मंत्री ने इस पहल को अपने दो वर्ष के कार्यकाल का सबसे प्रमुख कदम बताया।

प्रबोध सक्सेना

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता को लेकर जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया है और राजनीतिक दलों को भी इस विषय को अपने घोषणा पत्र में शामिल करने की सलाह दी है। वे आज शिमला में आयोजित संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सौजन्य से पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बदलती जलवायु में राज्य मानव विकास रिपोर्ट पर ओरिएंटेशन कार्यशाला में बोल रहे थे। प्रबोध सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन को लेकर बंद कमरों में कार्यशाला करने के बजाय स्कूल, कॉलेज, रिसर्च सेंटर और पंचायत स्तर जागरूकता अभियान चलाने की ज़रूरत बताई, ताकि प्रभावित लोग जागरूक

हो सकें। मुख्य सचिव ने जलवायु परिवर्तन के साथ नशा और बच्चों के हेल्थ पेरा मीटर पूरे न होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हिमाचल में 24 फीसदी बच्चे सही आहार न लेने की वजह से हेल्थ पैरामीटर को पूरा नहीं करते हैं। प्रबोध सक्सेना ने उम्मीद जताई कि इस कार्यशाला के बाद विभाग पोस्ट रिपोर्ट प्लान लेकर आएगा।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। चंबा, कुल्लू, लाहौल स्पीति व सिरमौर जिले की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है। इधर शिमला जिला के पर्यटक स्थल नारकंडा में करीब 2 से 3 इंच तक बर्फबारी हुई है। इस ताजे हिमपात का पर्यटक भरपूर आनंद ले रहे हैं। दूसरी ओर मध्यम और मैदानी क्षेत्रों में आज सुबह हल्की बारिश हुई जिससे फसलों को संजीवनी मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 21 फरवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने की संभावना है।

केंद्र–एनसीडी अभियान

केंद्र ने आज एक विशेष गैर–संक्रामक रोग एनसीडी स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की। अभियान का उद्देश्य 30 वर्ष और उससे ऊपर की आयु के सभी व्यक्तियों की पूरी तरह से स्क्रीनिंग करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम गैर–संक्रामक रोगों, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और तीन सामान्य कैंसर– मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करना है। यह अभियान गैर–संक्रामक रोगों की समय रहते पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है।

प्रतियोगिता

युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए चम्बा में खोली गई शैडो टू शाइन अकादमी में 23 फरवरी को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। चम्बा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अकादमी के संस्थापक विजय भवानी ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृति पर चिंता जाहिर

की है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग का ध्यान इससे हटाकर अन्य गतिविधियों में लगाने के लिए कुछ चम्बा में शैडो टू शाइन डांस अकादमी खोली गई है। उन्होंने बच्चों से इस नृत्य प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। भवानी ने कहा कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवक युवतियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका प्रदान किया जाएगा।